# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत दिनांक 05.05.2022 की बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थितिः—

1. जनपद अम्बेडकर नगर, अमेठी, अमरोहा, हरदोई, एटा एवं जौनपुर के परियोजना निदेशक
2. जनपद अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, अमरोहा, हरदोई, हाथरस, औरैया, बागपत, बस्ती, भदोही, बुलन्दशहर, एटा, इटावा एवं जौनपुर के परियोजना अधिकारी
3. जनपद अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, अमरोहा, हरदोई, हाथरस, औरैया, बागपत, बलिया, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, एटा, इटावा एवं जौनपुर के सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर
3. मै0 हाईटेक बिल्डर्स, मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स फॉर रिसोर्स डवलपमेन्ट, मै0 अरिनेम कन्सलटेन्सी सर्विसेज, मै0 सरयू बाबू इंजीनियर प्रा0लि0, मै0 क्रिएटिव कर्न्सोटियम, मै0 रूद्राभिषेक एन्टरप्राईजेज लि0 एवं मै0 स्नो फाउण्टेन कन्सलटेन्ट्स के प्रतिनिधिगण।

| S. No. | District | Pending 1st Level Geotag | Pending Curtailment | Pending 1st Installment against 1st Geotag | Pending 2nd Level Geotag against 1st Install. as on 31st Mar | Pending 2nd Installment against 2nd Geotag | Instruction for 1 Week | बैठक में दिये गये विशेष निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aligarh | Patra - 21159<br>Pending-124 | 29 | 2651<br>Wrong Geotag to be Deleted- 2087<br>Pending - 564 | 474 | 769 | 124 1st Level Geotag Pending<br>29 Curtailment DPR Pending<br>2651 1st Installment to be Paid<br>474 2nd Geotag to be Done<br>769 2nd Installment to be Paid | लम्बित 124 प्रथम लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 90 में आधार की समस्या आ रही है। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में समस्या का निराकरण कराते हुए जिओ टैग पूर्ण कराये। 29 करटेलमेन्ट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 12 डीपीआर प्राप्त हो गयी है तथा अवशेष 17 संस्था स्तर पर लम्बित हैं। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में समस्त करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित कर दी जाये। 769 लम्बित द्वितीय किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 450 प्रक्रिया में है। निर्देश दिये गये अवशेष द्वितीय किश्त एवं प्लिन्थ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण करायें। 2651 लम्बित प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि उपलब्ध धनराशि से प्राथमिकता पर द्वितीय एवं तृतीय किश्त का भुगतान किया गया था, जिस पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिये गये कि परियोजना अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। यह भी निर्देश दिये गये पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। |
| 2 | Ambedkar Nagar | Patra - 13557<br>Pending-9 | 3 | 1473<br>Wrong Geotag to be Deleted- 663<br>Pending - 810 | 467 | 512 | 9 1st Level Geotag and 3 Curtailment DPR Pending<br>467 2nd Geotag to be Done<br>810 1st Install. and 512 2nd Install. to be Paid | लम्बित 09 प्रथम लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में परियोजना निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि सभी के आधार इन–एक्टिव आ रहे हैं। निर्देश दिये गये कि प्रकरण स्वयं देख लें तथा निस्तारित करा दें। लम्बित 03 करटेलमेन्ट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि हस्ताक्षर हो चुके हैं, कल पहुंचा दिये जायेगें। लम्बित 810 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 462 का अनुमोदन प्राप्त हो गया है तथा अवशेष का सत्यापन के कारण विलम्ब हो रहा है। एक सप्ताह में सत्यापन कराकर भुगतान कराने की अपेक्षा की गयी। लम्बित 512 द्वितीय किश्त भुगतान के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 2–3 दिन में पी0पी0ए0 बैंक को प्रेषित कर दिया जायेगा। लम्बित 467 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 12 कर्मी कार्यरत हैं, जिनसे जिओ टैग कराया जा रहा है। निर्देश दिये गये कि सभी जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण कराने तथा एक कर्मी द्वारा प्रतिदिन कितना जिओ टैग किया जा रहा है, इसकी भी स्वयं मॉनिटरिंग करने की अपेक्षा की गयी। |

| S. No. | District | Pending 1st Level Geotag | Pending Curtailment | Pending 1st Installment against 1st Geotag | Pending 2nd Level Geotag against 1st Install. as on 31st Mar | Pending 2nd Installment against 2nd Geotag | Instruction for 1 Week | बैठक में दिये गये विशेष निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Amethi | Patra - 6065<br>Pending-102 | 5 | 349<br>Wrong Geotag to be Deleted- 174<br>Pending - 175 | 231 | 649 | 102 1st Level Geotag and 5 Curtailment DPR Pending<br>231 2nd Geotag to be Done<br>175 1st Install. and 649 2nd Installment to be Paid | निर्देश दिये गये कि लम्बित 102 प्रथम लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में शून्य कर दिये जाये। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि प्रत्येक डीपीआर की गहन समीक्षा की जाये कि किस डीपीआर में कितने आवास स्वीकृत है, कितने जिओ टैग हुए, कितनों को प्रथम/द्वितीय/तृतीय किश्त अवमुक्त की गयी व कितने लम्बित हैं? अवगत कराया गया कि संस्था के मात्र 04 कर्मी ही कार्यरत है। इस पर संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि 08 कर्मी कार्यरत हैं। निर्देश दिये गये कि तत्काल कर्मियों की संख्या बढ़ायी जाये। |
| 4 | Amroha | Patra - 9177<br>Pending-0 | 0 | 995<br>Wrong Geotag to be Deleted- 966<br>Pending -31<br>Missing Level (31) | 18<br>Missing Level - 18<br>Pendency - 0 | 33 | 33 2nd Installment to be Paid<br>06 HFA Cities (Q2)<br>Hasanpur - 21 Roof, 20 Complete<br>Naugawan Sadat - 1 Foundation, 9 Roof, 13 Complete<br>Dhanaura - 2 Foundation, 12 Roof, 22 Complete<br>Joya - 3 Foundation, 17 Roof, 3 Complete<br>Ujhari- 6 Foundation, 46 Roof, 33 Complete<br>Gajraula- 9 Foundation, 54 Roof, 78 Complete | लम्बित 33 द्वितीय किश्त 3–4 दिन में अवमुक्त करने के निर्देश दिये गये। 06 एचएफए एचीव किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि सभी का प्लिन्थ लेवल पूर्ण कराते हुए कार्य की गति बढ़ायी जाये तथा जून, 2022 तक सभी आवासों का कम्प्लीट लेवल जिओ टैग कराते हुए आवासों को पूर्ण करायें। |
| | Hardoi | Patra - 16330<br>Pending-0 | 0 | 329<br>Wrong Geotag to be Deleted- 132<br>Pending - 197 | 222 | 40 | 197 1st Installment to be Paid<br>222 2nd Geotag to be Done<br>40 2nd Installment to be Paid | लम्बित 197 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में सभी पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त अवमुक्त कर दी जाये तथा 222 लाभार्थियों का प्लिन्थ लेवल जिओ टैग कराते हुए द्वितीय किश्त अवमुक्त की जाये। लम्बित 40 द्वितीय किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि पत्रावली प्रक्रिया में है, जिसे 3–4 दिन में करा दिया जायेगा। |

| S. No. | District | Pending 1st Level Geotag | Pending Curtailment | Pending 1st Installment against 1st Geotag | Pending 2nd Level Geotag against 1st Install. as on 31st Mar | Pending 2nd Installment against 2nd Geotag | Instruction for 1 Week | बैठक में दिये गये विशेष निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | Hathras | Patra - 6912<br>Pending-0 | 5 | 209 | 399 | 194 | 5 Curtailment DPR Pending<br>209 1st Installment to be Paid<br>399 2nd Geotag to be Done<br>194 2nd Installment to be Paid | 05 करटेमेन्ट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि हस्ताक्षर हो गये है, जो कल सूडा में उपलब्ध करा दिये जायेगें। लम्बित 209 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि अभी नई कम्पनी नियुक्त की गयी है, जिस कारण प्रथम किश्त लम्बित है। निर्देश दिये गये कि आप द्वारा जनपद स्तर पर संस्था का चयन करने में विलम्ब किया गया है। कार्य की प्रगति धीमी है, इसमें तेजी लायी जाये। लम्बित 194 द्वितीय किश्त तथा 399 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण करा दिया जाये। |
| 7 | Auraiya | Patra - 10168<br>Pending-2149<br>(Under Validation By Tehseel) | 39 | 1554 | 271 | 265 | 2149 1st Level Geotag Pending<br>39 Curtailment DPR Pending<br>1554 1st Installment to be Paid | निर्देश दिये गये कि सोमवार को परियोजना निदेशक से बैठक में प्रतिभाग करने हेतु समय लेकर अवगत करायें। |
| 8 | Baghpat | Patra - 8266<br>Pending-0 | 0 | 26 | 254 | 0 | 26 1st Installment to be Paid<br>254 2nd Geotag to be Done | निर्देश दिये गये कि लम्बित 26 प्रथम किश्त एवं 254 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण करा दिये जाये। |
| 9 | Ballia | Patra - 19853<br>Pending-1012 | 34 | 2126<br>Wrong Geotag to be Deleted- 508<br>Pending - 1618 | 1272 | 2899 | 1012 1st Level Geotag and 34 Curtailment DPR Pending<br>1272 2nd Geotag to be Done<br>1618 1st Install. and 2899 2nd Installment to be Paid | सीएलटीसी इंजीनियर को परियोजना निदेशक एवं परियोजना अधिकारी से समय लेकर बैठक कराने के निर्देश दिये गये। |

| S. No. | District | Pending 1st Level Geotag | Pending Curtailment | Pending 1st Installment against 1st Geotag | Pending 2nd Level Geotag against 1st Install. as on 31st Mar | Pending 2nd Installment against 2nd Geotag | Instruction for 1 Week | बैठक में दिये गये विशेष निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Basti | Patra - 14582<br>Pending-332 | 26 | 2203<br>Wrong Geotag to be Deleted- 247<br>Pending - 1956 | 588 | 783 | 332 1st Level Geotag and 26 Curtailment DPR Pending<br>588 2nd Geotag to be Done<br>1956 1st Install. and 783 2nd Installment to be Paid | लम्बित 332 प्रथम लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 234 में आधार फेल्ड आ रहा है, जिस कारण अटैचमेन्ट नहीं हो पा रहा है। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में समस्या का निस्तारण करायें। लम्बित 26 करटेलमेन्ट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 15 का डाटा संस्था को उपलब्ध करा दिया गया है तथा शेष 8–10 दिन में दे देंगे। इस पर निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में सभी करटेलमेन्ट डीपीआर हस्ताक्षर कराकर उपलब्ध करा दें। लम्बित 1956 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 1624 प्रथम किश्त दी जानी है, जिसमें से 800 की पत्रावली तैयार है तथा शेष की तैयार करा रहे हैं। निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में सभी पात्रों को प्रथम किश्त अवमुक्त कर दी जाये। साथ ही 588 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग भी एक सप्ताह में पूर्ण करायें। लम्बित 783 द्वितीय किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 400 का भुगतान कर दिया गया है तथा अवशेष में लाभार्थी का आधारशीड न होने के कारण आईएफएससीआई एवं अन्य विवरण का मिलान नहीं हो पा रहा है, जिस कारण भुगतान में विलम्ब हो रहा है। निर्देश दिये गये कि जिलाधिकारी के संज्ञान में लाकर इसका समाधान करायें या लीड बैंक मैनेजर के साथ मीटिंग कराकर समस्या का निस्तारण करायें। |
| 11 | Bhadohi | Patra - 26865<br>Pending-0 | 18 | 1680<br>Wrong Geotag to be Deleted- 210<br>Pending - 1470 | 512 | 214 | 18 Curtailment DPR Pending<br>512 2nd Geotag to be Done<br>1470 1st Install. and 214 2nd Install. to be Paid | लम्बित 18 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 10 अधिशासी अधिकारी के पास हस्ताक्षर हेतु लम्बित है, 06 में अधिशासी अधिकारी की रिपोर्ट आनी है तथा 02 डीपीआर कल प्राप्त हुई है। निर्देश दिये गये 02 दिन में अधिशासी अधिकारी से डीपीआर हस्ताक्षर करायें तथा लम्बित रिपोर्ट भी 02 दिन में संस्था को उपलब्ध करायें। लम्बित 1470 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 637 अपात्र हैं तथा 345 का पीपीए बैंक भेज दिया गया है। निर्देश दिये गये कि अपात्रों का करटेलमेन्ट करते हुए एक सप्ताह में सभी पात्रों को प्रथम किश्त अवमुक्त कर दी जाये। लम्बित 512 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि रोजे होने के कारण काम शुरू नहीं किया था, अब शुरू करा रहे हैं। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में प्लिन्थ लेवल जिओ टैग करा दिया जाये। साथ ही लम्बित पात्र लाभार्थियों को द्वितीय किश्त भी एक सप्ताह में भुगतान कराने के निर्देश दिये गये। |
| 12 | Bijnor | Patra - 24752<br>Pending-400 | 29 | 3409<br>Wrong Geotag to be Deleted- 282<br>Pending - 3127 | 963 | 623 | 400 1st Level Geotag and 29 Curtailment DPR Pending<br>3127 1st Installment to be Paid<br>963 2nd Geotag to be Done and 623 2nd | सीएलटीसी इंजीनियर को परियोजना निदेशक एवं परियोजना अधिकारी के साथ बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये गये। |

| S. No. | District | Pending 1st Level Geotag | Pending Curtailment | Pending 1st Installment against 1st Geotag | Pending 2nd Level Geotag against 1st Install. as on 31st Mar | Pending 2nd Installment against 2nd Geotag | Instruction for 1 Week | बैठक में दिये गये विशेष निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Bulandshahr | Patra - 32473<br>Pending -0 | 0 | 1968<br>Wrong Geotag to be Deleted- 1627<br>Pending - | 1708 | 869 | 1708 2nd Geotag to be Done<br>341 1st Install. and 869 2nd Installment to be Paid | लम्बित 341 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 128 का भुगतान हो गया है तथा 200 का पीपीए प्रक्रिया में है। लम्बित 869 द्वितीय किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 467 की पत्रावली तैयार है तथा 385 लाभार्थियों द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, उन्हें नोटिस भी दिया जा चुका है। निर्देश दिये गये लम्बित 1708 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण करायें। |
| 14 | Etah | Patra - 7533<br>Pending - 166 | 5 | 265<br>Wrong Geotag to be Deleted- 218<br>Pending -47 | 251 | 87 | 166 1st Level Geotag and 5 Curtailment DPR Pending<br>251 2nd Geotag to be Done<br>47 1st Install. and 87 2nd Install. to be Paid<br>02 HFA Cities (Q2)<br>Jaithara - 3 Foundation, 8 Roof, 4 Complete<br>Sakit - 7 Foundation, 15 Roof, 02 Complete | लम्बित 166 प्रथम लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि किस–किस परियोजना के लाभार्थियों का अटैचमेन्ट लम्बित हैं, उनका विवरण प्रेषित किया जाये। लम्बित 251 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुछ लाभार्थियों द्वारा करटेलमेन्ट के पश्चात् धनराशि वापिस कर दी गयी है, अब 164 लाभार्थियों का प्लिन्थ लेवल जिओ टैग किया जाना है। निर्देश दिये गये कि जिन लाभार्थियों द्वारा धनराशि वापिस की गयी है, उनकी पुनः करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित की जाये तथा उसके पश्चात् जिओ टैग डिलीट कराया जाये। 05 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जांच प्राप्त हो चुकी है, शीघ्र ही करा दिया जायेगा। निर्देशित किया गया है कि एक सप्ताह में करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित की जाये। जिन लाभार्थियों द्वारा प्रथम किश्त के बाद कार्य नहीं कराया जा रहा है, उन्हें मकान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाये। जैथरा व साकित में एचएफए एचीव किये जाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर प्लिन्थ लेवल तक कार्य पूर्ण कराते हुए द्वितीय किश्त अवमुक्त की जाये तथा सभी आवासों को पूर्ण कराया जाये। |
| 15 | Etawah | Patra - 5585<br>Pending -0 | 4 | 465<br>Wrong Geotag to be Deleted- 78<br>Pending - 387 | 198 | 29 | 4 Curtailment DPR Pending<br>198 2nd Geotag to be Done<br>387 1st Install. and 29 2nd Install. to be Paid | 04 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सभी डीपीआर पर अधिशासी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किये जाने हैं। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित कर दी जाये। लम्बित 387 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 200 की पत्रावली तैयार है। निर्देश दिये गये कि अवशेष पात्र लाभार्थियों को एक सप्ताह में प्रथम किश्त का भुगतान करा दिया जाये। 198 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग भी एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये। |

| S. No. | District | Pending 1st Level Geotag | Pending Curtailment | Pending 1st Installment against 1st Geotag | Pending 2nd Level Geotag against 1st Install. as on 31st Mar | Pending 2nd Installment against 2nd Geotag | Instruction for 1 Week | बैठक में दिये गये विशेष निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | Jaunpur | Patra - 23455<br>Pending -0 | 19 | 666<br>Wrong Geotag to be Deleted- 498<br>Pending - 168 | 1468 | 614 | 19 Curtailment DPR Pending<br>1468 2nd Geotag to be Done<br>168 1st Install. and 614 2nd Install. to be Paid | 19 करटेलमेन्ट के सम्बन्ध में परियोजना निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि 05 डीपीआर भेज दी गयी है तथा 07 डीपीआर 02 दिवस में प्रेषित कर दी जायेगी। निर्देश दिये गये कि अवशेष 07 करटेलमेन्ट डीपीआर भी एक सप्ताह में उपलब्ध करा दिये जाये। यह भी अवगत कराया गया कि स्टॉफ कम है तथा संस्था द्वारा विगत 07 माह से अपने कर्मियों को वेतन नहीं दिया गया है, जिला समन्वयक भी नहीं है। इस पर संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 37 कर्मियों का स्टॉफ है, जिसमें जिला समन्वयक अवकाश पर है। निर्देश दिये गये कि जब इतने कर्मी कार्य कर रहे हैं, तो प्लिन्थ लेवल जिओ टैग इतना लम्बित क्यों है? संस्था एवं परियोजना अधिकारी का आपस में कोई समन्वय नहीं है। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि यदि संस्था के कर्मियों की कोई वसूली की शिकायत संज्ञान में आती है, तो परियोजना अधिकारी द्वारा मुझे रिपोर्ट भेजी जाये। इसके अतिरिक्त निर्देशित किया गया कि लम्बित पात्र लाभार्थियों को द्वितीय किश्त का भुगतान भी एक सप्ताह में करा दिया जाये। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संस्था के कर्मी बिना अनुमति अवकाश पर चले जाते हैं। जनपद स्तर पर दो एम0आई0एस0 की अत्यन्त आवश्यकता है। संस्था को निर्देश दिये गये कि कर्मी द्वारा अवकाश पर जाने पर पूर्व परियोजना अधिकारी को अवगत कराया जाये तथा एम0आई0एस0 नियुक्त किया जाये। |

सामान्य निर्देशः–

1. किसी भी जनपद का पी0पी0ए0 जनरेट करने के पश्चात् एक्सपायर नहीं होना चाहिए।
2. अपात्र या गलत जिओ टैग डिलीट कराने हेतु सम्पूर्ण विवरण सहित परियोजना अधिकारी द्वारा पत्र तत्काल प्रेषित किया जाये।
3. पात्र लाभार्थियों को लम्बित प्रथम एवं द्वितीय किश्त का प्रत्येक दशा में एक सप्ताह में भुगतान किया जाये।
4. 31 मार्च, 2022 तक सभी सफल प्रथम किश्त के सापेक्ष नियमानुसार शत–प्रतिशत प्लिन्थ लेवल जिओ टैग करना।
5. सभी पात्र लाभार्थियों का प्रथम चरण का जिओ टैग कराते हुए भुगतान करें अथवा अपात्रों की करटेलमेन्ट डीपीआर सूडा को प्रेषित करें।
6. लाभार्थियों के सफल भुगतान होने के पश्चात् गूगल शीट पर अवश्य एन्ट्री की जाये, जिससे बैंक की शीट से मिलान किया जा सके।
7. एचएफए एचीव की जाने वाली किसी भी निकाय में एक सप्ताह पश्चात् कोई भी प्लिन्थ लेवल पर लम्बित नहीं होना चाहिए।

(यशु रूस्तगी)
मिशन निदेशक

पत्रांकः– 596 /03/29/एचएफए–डीपीआर/पीएमसी–वॉल्यूम–9/2022–23 दिनांकः– 12 मई, 2022

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. परियोजना निदेशक, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, अमरोहा, हरदोई, हाथरस, औरैया, बागपत, बलिया, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, एटा, इटावा एवं जौनपुर।
2. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. परियोजना अधिकारी, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, अमरोहा, हरदोई, हाथरस, औरैया, बागपत, बलिया, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, एटा, इटावा एवं जौनपुर।
4. सम्बन्धित एस0एल0टी0सी0 को अनुपालनार्थ।
5. सीएलटीसी इंजीनियर, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, अमरोहा, हरदोई, हाथरस, औरैया, बागपत, बलिया, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, एटा, इटावा एवं जौनपुर।
6. प्रबन्ध निदेशक, मै0 हाईटेक बिल्डर्स, मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स फॉर रिसोर्स डवलपमेन्ट, मै0 अरिनेम कन्सलटेन्सी सर्विसेज, मै0 सरयू बाबू इंजीनियर प्रा0लि0, मै0 क्रिएटिव कन्सोंटियम, मै0 रूद्राभिषेक एन्टरप्राईजेज लि0 एवं मै0 स्नो फाउण्टेन कन्सलटेन्ट्स।
7. गार्ड फाइल।

12.5.22

(यशु रूस्तगी)
मिशन निदेशक